प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 शनिवार दिनांक 18.01.2025

मुख्य समाचारः—

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत आज पैंसठ लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए।
- संसद का बजट सत्र इकतीस जनवरी से शुरू होकर चार अप्रैल तक चलेगा—एक फरवरी को पेश होगा केन्द्रीय बजट।
- प्रधानमंत्री कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- अभिनेता सैफ अली खान पर मुबंई में हुए हमले के एक संदिग्ध आरोपी को दुर्ग रेलवे पुलिस ने ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से पकड़ा है।

प्रधानमंत्री—स्वामित्व योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज संपत्ति स्वामियों को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से पैंसठ लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के पचास हजार से अधिक गांवों में संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं।

बीते 5 साल में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को यह स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं। अब आज इस कार्यक्रम में 65 लाख से ज्यादा परिवारों को यह स्वामित्व कार्ड मिले है। यानी स्वामित्व योजना के तहत गांव के करीब सवा दो करोड़ लोगों को अपने घर का पक्का कानूनी डॉक्यूमेंट मिला है।
स्वामित्व योजना से गांव के विकास की प्लानिंग और उस पर अमल अब काफी बेहतर हो रहे हैं आज हमारे पास स्पष्ट नक्शे होंगे तो विकास के काम की प्लानिंग भी सटीक होगी अब प्रॉपर्टी राइट्स मिलने से ग्राम पंचायत की मुश्किलें भी दूर होगी।

पीएम स्वामित्व योजना के तहत आज छत्तीसगढ़ के भी विभिन्न जिलों में हितग्राहियों को स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम से वर्चुअल जुड़े। महासमुंद जिले के मचेवा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जिले के एक सौ अट्ठाईस गांवों के दस हजार से अधिक लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड प्रदान किए। इस मौके पर उन्होनें कहा कि स्वामित्व कार्ड मिलने से हितग्राहियों को बहुत लाभ मिलेगा।

प्रदेश के अन्य जिलों में भी राज्य सरकार के मंत्रियों और अन्य  जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया।

संसद–बजट सत्र

संसद का बजट सत्र इकतीस जनवरी से शुरू होकर चार अप्रैल तक चलेगा। सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु लोकसभा और राज्य सभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन पहली फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण तेरह फरवरी तक चलेगा, जिसके बाद चौदह फरवरी से नौ मार्च तक अंतराल रहेगा। दूसरा चरण दस मार्च से शुरू होकर चार अप्रैल तक चलेगा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अट्ठारहवीं कड़ी होगी।

यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाईल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा।

मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए रायपुर के भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव के साथ रायपुर जिला शहर अध्यक्ष रमेश ठाकुर और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

पेंशनर्स–महंगाई राहत

राज्य शासन ने नगरीय निकायों के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स के महंगाई राहत में वृद्धि की है। नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने सातवें वेतनमान के अनुसार पेंशन प्राप्त करने वालों की महंगाई राहत में चार प्रतिशत और छठवें वेतनमान के अनुसार पेंशनर्स के महंगाई राहत में नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। दोनों वेतनमानों के पेंशनर्स और परिवार पेंशनर्स को को इस वृद्धि का लाभ पिछले साल एक अक्टूबर से मिलेगा।

श्रमिक–राशि

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कल रायपुर में अठहत्तर हजार से अधिक श्रमिकों के बैंक खाते में इकतीस करोड़ इक्यासी लाख रूपए डीबीटी के माध्यम से अंतरित किए। इस अवसर पर श्रम मंत्री ने कहा कि आगामी शिक्षा सत्र से अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के अंतर्गत श्रमिकों के बच्चों को दाखिला दिलाया जाएगा, जिसका सारा खर्च राज्य शासन उठाएगा।

कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक छात्रवृत्ति और विभिन्न योजनाओं के तहत श्रमिक परिवार के बच्चों को सहायता राशि का चेक भी वितरित किया गया।

रोजगार–एमओयू

छत्तीसगढ़ में युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में नई संभावनाएं प्रदान करने के उद्देश्य से आज तकनीकी शिक्षा और सीएसआरबॉक्स फाउंडेशन, सीआईआई यंग इंडियंस और अपनाटेक प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौते पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर छात्र चाहे वह

आईटीआई से हो इंजीनियरिंग कॉलेज से हो या पॉलीटेक्निक से उसके पास रोजगार का उचित अवसर हो। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने युवाओं से सीजी रोजगार पोर्टल पर पंजीकरण करने की अपील की।

केन्द्रीय मंत्री–गिरिराज सिंह–दौरा

केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह कल उन्नीस जनवरी से तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान बीस जनवरी को केन्द्रीय मंत्री रायपुर के भनपुरी स्थित एक रेशम उद्योग संस्थान का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद श्री सिंह इसी दिन भिलाई के लिए रवाना होगें, जहां वे आईआईटी भिलाई द्वारा प्रस्तुत प्रजेंटेशन के अवलोकन के साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक में शामिल होंगे।

केन्द्रीय मंत्री इक्कीस जनवरी को रायपुर में टेक्सटाइल क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। इसी दिन वे शाम को नई दिल्ली लौट जाएंगे।

सैल अली खान–आरोपी

अभिनेता सैफ अली खान पर मुंबई में हुए हमले के एक संदिग्ध आरोपी को दुर्ग रेलवे पुलिस ने स्टेशन से पकड़ा है। रेलवे पुलिस के प्रभारी संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि मुंबई पुलिस द्वारा जो जानकारी दी गई थी, उसके आधार पर संदिग्ध व्यक्ति को मुंबई से कोलकाता जाने वाली ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से पकड़ा गया है। मुंबई पुलिस आज शाम को दुर्ग पहुंच रही। इसके बाद आरोपी की शिनाख्त हो पाएगी।

अधिकारी–निलंबित

लोक निर्माण विभाग ने बीजापुर जिले में नेलसनार–कोडोली–मिरतुर–गंगालूर सड़क निर्माण में गड़बड़ी और गुणवत्ताहीन कार्यों के आरोप में तत्कालीन कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी, उप अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं, विभाग ने अनुविभागीय अधिकारी

और उप अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस मामले में बीजापुर के सेवानिवृत्त प्रभारी कार्यपालन अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

विभाग ने रायपुर में मोवा ओवरब्रिज की मरम्मत में गुणवत्ताहीन कार्य और अनियमितता पर भी बड़ी कार्रवाई की है। जांच के बाद विभाग ने पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इनमें कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी और उप अभियंता स्तर के अधिकारी शामिल हैं। वहीं, विभाग ने गुणवत्ताहीन कार्य के लिए ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही ठेकेदार के पंजीयन को निलंबित करने की अनुशंसा की है।

<u>मौसम</u>

प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन शुरू हो गया है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने बताया कि कल बस्तर संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

- प्रदेश में होने वाले आगामी त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कल वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय बैठक ली। इसमें सभी संभागों के आयुक्त, आईजी के साथ ही विभिन्न जिलों के कलेक्टर और एसपी शामिल हुए।
- कबीरधाम पुलिस के समक्ष आज दस लाख रूपए के इनामी माओवादी दंपत्ति ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इन दोनों पर तरेगांव थाने में अपराध दर्ज है। आत्मसमर्पित दंपत्ति को पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि दी गई है।
- दुर्ग जिले के भिलाई–तीन क्षेत्र में आज सुबह सर्विस लेन पर पैदल जा रही एक युवती को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवती की मौत हो गई है। वहीं, बीती देर रात कुम्हारी में कार की चपेट में आने दोपहिया सवार युवक और युवती की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य युवती घायल हो गई है।

<><><><>